Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to develop Naupada Railway station as a Modern Railway station and provide stoppage of express trains.

श्री बसंत कुमार पांडा (कालाहाण्डी): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे क्षेत्र से लगे हुए बोलंगिर, बरगढ़ और कालाहाण्डी लोकसभा क्षेत्र में सिर्फ सौ किलोमीटर के रेडियस में तीन तीर्थस्थान हैं- हरिशंकर, नरसिंहनाथ और जोगेश्वर मंदिर पतोर । हजारों तीर्थयात्री प्रतिदिन वहां पहुंचते हैं और छत्तीसगढ़ एवं पश्चिम ओडिशा के लोग तीनों जगहों को गंगा मानते हैं । अत: इसे टूरिज्म सेंटर के रूप में मान्यता दी जाए और इसके साथ-साथ नौपाड़ा रेलवे स्टेशन से लोग उतरकर तीनों पवित्र दर्शनीय स्थानों का दर्शन करने जाते हैं । अत: नौपाड़ा रेलवे स्टेशन को मॉर्डर्न रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जाए । नौपाड़ा एक डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर में आता है । अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से और माननीय रेलवे मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि जितनी भी एक्सप्रेस ट्रेनें उधर से गुजरती हैं, नौपाड़ा में निश्चित रूप से हर गाड़ी का स्टॉपेज दिया जाए, धन्यवाद ।